## एक नजर में



### चिकित्सा शिक्षा विभाग की बैठक संपन्न

**उज्जैन।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अशोक कुमार पटेल द्वारा जानकारी देते हुवे बताया कि, मिशन संचालक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, मध्यप्रदेश के उज्जैन जिले में आगामी पर्यवेक्षण को दृष्टिगत लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग के जिला स्तरीय बैठक का आयोजन सोमवार 28 जुलाई को कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी में डॉ. अशोक कुमार पटेल के निर्देशन में किया गया। बैठक जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जितेन्द्र सिंह राजपूत, जिला स्वास्थ्य एवं महामारी नियंत्रण अधिकारी डॉ. सुनीता परमार, जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ.आरके पाल, जिला क्षय अधिकारी डॉ. अरुण कुशवाह, जिला मलेरिया अधिकारी दिनेश्वर सिंह सिसोदिया, जिला कार्यक्रम प्रबंधक मनीष भद्रावले, जिला मूल्यांकन एवं अनुश्रवण अधिकारी परविंदर बग्गा, साक्षी शर्मा, जिला कम्युनिटी मोबिलाइजर अनस कुरैशी, उज्जैन शहरी स्वास्थ्य संस्था प्रभारी, सहायक कार्यक्रम प्रबंधक दिलीप वसुनिया, डॉ. मधुनेमा जिला क्वालिटी मैनेजर, सी.पी.एच.सी. सलाहकार, प्रतिभा मेड़ा, पब्लिक हेल्थ मैनेजर सहित विभिन्न अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित हुए। बैठक में निर्देश दिये की स्वास्थ्य संस्थाओं में समस्त प्रकार की आवश्यक औषधियों की उपलब्धता एवं संस्था के औषधि भण्डार विभाग में समस्त औषधियों का व्यवस्थित रखरखाव एवं रिकार्ड अद्यतन रखे। समस्त स्वास्थ्य संस्थाओं मे समस्त व्यवस्था अपडेट व समस्त उपकरणों को कियाशील रखे। जिले मे एनसीडी कार्यक्रम के अन्तर्गत शतप्रतिशत नागरिकों की स्क्रीनिंग करे। जिले में लीगल से संबंधित किसी भी प्रकार को अकारण लंबित न रखा जायें। आरबीएसके कार्यकम के अन्तर्गत चिन्हित सर्जरी के प्रकरणों का त्वरित उपचार करवाये। डेंगू, मलेरिया, चिकनगुनिया सहित मौसमी बीमारी की सतत् निगरानी रखे एवं इसकी रोकथाम एवं उपचार हेतु समुचित व्यवस्था सुनिश्चित रखे। एचएमआईएस, अनमोल सहित विभाग में संचालित समस्त पोर्टल पर अद्यतन रिपोर्ट दर्ज करे। जिले में गर्भवती महिलाओं का शतप्रतिशत पंजीयन कर 4 एएनसी जांचे करने व हाईरिस्क गर्भवती महिलाओं को चिन्हांकन कर प्रसव पूर्व पूर्ण प्रबंधन करना सुनिश्चित करे। ड्युलिस्ट अनुसार बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं का शतप्रतिशत टीकाकरण करे।



### डीएलसी की जिला स्तरीय बैठक संपन्न

**उज्जैन।** जिला चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अशोक कुमार पटेल द्वारा जानकारी देते हुवे बताया कि, सुरक्षित गर्भपात सेवाएं मातृत्व स्वास्थ्य का एक महत्वपूर्ण घटक है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के माध्यम से मातृ स्वास्थ्य अन्तर्गत सुरक्षित गर्भपात सेवायें प्रदान करने के लिये व्यापक गर्भपात देखभाल, सुरक्षित गर्भपात सेवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के निर्देशन में जिला स्तरीय डीएलसी की बैठक का आयोजन 28 जुलाई को कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी में किया गया। बैठक में जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जितेंद्र सिंह राजपूत, जिला स्वास्थ्य एवं महामारी नियंत्रण अधिकारी डॉ. सुनीता परमार, डीपीएचएनओ शोभा चौहान, आईपास भोपाल से विदिश कुलकर्णी, जिला कार्यक्रम प्रबंधक मनीष भद्रावले, जिला मूल्यांकन एवं अनुश्रवण अधिकारी परविंदर बग्गा, साक्षी शर्मा, जिला क्वालिटी मैनेजर डॉ. मधु नेमा, जिला सीपीएचसी सलाहकार प्रतिभा मैडा, सहायक कार्यक्रम प्रबंधक दिलीप वसुनिया, समस्त पब्लिक मैनेजर सहित विभिन्न प्रतिभागी शामिल हुए। बैठक में व्यापक गर्भपात देखभाल, सुरक्षित गर्भपात सेवाओं के संबंध मे तकनीकी विषय पर ज्ञानवर्धक जानकारी प्रदान की गई। जिससे सुरक्षित गर्भपात सेवाओं की उपलब्धता में सुधार लाया जा सकें। डीएलसी की बैठक प्रतिमाह आयोजित किये जाने हेतु भी निर्देश दिये गये। जिले में शासकीय एवं निजी चिकित्सालय द्वारा एमटीपी की जानकारी नही प्रदान करने पर प्रतिमाह नियमित रूप से, जानकारी प्रेषित किये जाने हेतु निर्देश दिये गये एवं सुरक्षित गर्भपात सेवाओं का व्यवस्थित रिकार्ड संधारित रखने हेतु निर्देश दिये गये। निजी अस्पतालों को भी एचएमआईएस के निर्धारित दिशा निर्देशानुसार कार्रवाई कर रिपोर्ट करने हेतु निर्देश दिये गये।



### केंद्रीय जेल में 31 जुलाई तक शिविर आयोजित

**उज्जैन।** केन्द्रीय जेल अधीक्षक मनोज कुमार साहू ने जानकरी दी कि गत दिवस केन्द्रीय जेल उज्जैन में एक पेड़ मां के नाम अभियान का क्रियांन्वयन एवं एनवीएचसीपी अंतर्गत वायरल हेपेटाइटिस, एचआईव्ही एवं सिफिलिस स्क्रीनिंग शिविर का आयोजन किया गया है। केन्द्रीय जेल में गत दिवस एनवीएचसीपी अंतर्गत वायरल हेपेटाइटिस, एच.आई.व्ही. एवं सिफिलिस स्क्रीनिंग के लिए 28 जुलाई से 31 जुलाई तक शिविर के लिए उपस्थित स्वास्थ्य दल एवं जेल स्टाफ द्वारा दोपहर 1 से 2 बजे के मध्य एक पेड़ मां के नाम पौधा रोपण अभियान के अंतर्गत मनोज कुमार साहू, जेल अधीक्षक की उपस्थिति में जेल के अन्य अधिकारी, कर्मचारी की उपस्थिति में जेल परिसर में आम, जामफल, आंवला, जामुन, सीताफल इत्यादि फलदार तथा छायादार पौधा रोपण किया गया। जिला चिकित्सालय से उपस्थित स्वास्थ्य अधिकारी के सहयोग से पर्यावरण सेवा के लिए आयोजित इस सराहनीय कार्यक्रम में पौधे रोपकर पर्यावरण सेवा का लाभ लिया गया। इस अवसर पर जसमनसिंह डावर उप अधीक्षक, सुरेश गोयल सहायक जेल अधीक्षक एवं जेल स्टॉफ उपस्थित रहा।


### उज्जैन जिले में औसत 8 .5 मिमी वर्षा दर्ज

**उज्जैन।** कलेक्टर कार्यालय भू अभिलेख से प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछले 24 घंटे में उज्जैन जिले में औसत 8 .5 मिमी वर्षा दर्ज की गई है। इसमें तहसील उज्जैन में 9 .0 मिमी, घट्टिया में 11 .0 मिमी, नागदा में 9 .2 मिमी, बड़नगर में 1 .0 मिमी, महिदपुर में 5 .0 मिमी, झारडा में 12 .0 मिमी, तराना में 17 .4 मिमी, माकड़ोन में 12 .0 मिमी वर्षा दर्ज की गई। 1 जून 2025 से लेकर आज दिनांक तक जिले में औसत 343 .4 मिमी वर्षा दर्ज की गई है। गत वर्ष इस अवधि में 418 .2 मिमी वर्षा दर्ज की गई थी। वहीं शहर में मंगलवार की सुबह 5 बजे से हल्की बारिश हो रही थी जो कि समाचार लिखे जाने तक जारी रही। बीच बीच में बारिश की गति तेज हुई जिसमें प्रातः 11 बजे काफी तेज बारिश हुई थी।

# नागपंचमी पर भगवान नागचंद्रेश्वर के दर्शन करने आस्था उमड़ी अपार, 10 लाख पार

## महानिर्वाणी अखाड़े के महंत विनीत गिरी ने किया सर्वप्रथम पूजन, नेता, अभिनेता, खिलाड़ी से लेकर सुप्रीम कोर्ट के जज तक ने किए दर्शन







**उज्जैन। विश्व प्रसिद्ध बाबा महाकालेश्वर के मंदिर के ऊपरी भाग पर भगवान नागचंद्रेश्वर का मंदिर है जो वर्ष में एक बार नाग पंचमी पर खुलता है। महानिर्वाणी अखाड़े के महंत द्वारा सर्वप्रथम पूजन किया जाता है। उसके बाद देश और दुनिया से आए श्रद्धालु 24 घंटे तक लगातार दर्शन करते हैं। 10 लाख से अधिक श्रद्धालुओं द्वारा नागचंद्रेश्वर भगवान के दर्शन किए गए।**



नवभारत से चर्चा में कलेक्टर रोशन कुमार सिंह और मंदिर प्रशासक प्रथम कौशिक ने बताया कि परंपरा के अनुसार भगवान नागचंद्रेश्वर मंदिर के पट 29 जुलाई की रात 12 बजे खोले गए। महानिर्वाणी अखाड़े के महंत गिरी महाराज द्वारा त्रिकाल पूजन किया गया और उसके पश्चात दर्शनों का सिलसिला प्रारंभ कर दिया गया। नाग पंचमी के अवसर पर साल में एक बार खुलने वाले भगवान श्री नागचंद्रेश्वर के पट रात्रि 12 बजे शुभ मुहूर्त में खोले गए। दुनिया में एक मात्र यह मंदिर ऐसा है जो वर्ष में एक बार खुलता है और भगवान महाकाल के दर्शन करने के साथ ही श्रद्धालु नागचंद्रेश्वर भगवान के दर्शन भी करते हैं। यहां पर तक्षक नाग की दुर्लभ प्रतिमा है जो सिर्फ यहीं पर देखने को प्राप्त होती है।

पारंपरिक पूजन करने के बाद से ही भगवान नागचंद्रेश्वर के दर्शन आम श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए गए, एयरो ब्रिज के माध्यम से लाखों श्रद्धालु बाबा महाकाल के जयकारे लगाते हुए दर्शन करते रहे। दर्शनों की कतार महाकाल लोक परिसर से लेकर बड़ा गणेश मंदिर, हरसिद्धि मंदिर चारधाम मंदिर तक पहुंच गई थी। कुल



मिलाकर रात 12.15 पर जो दर्शन खोले गए थे वह अगले दिन रात 12 बजे तक चलते रहे। स्थानीय श्रद्धालुओं से लेकर देश भर के कई राज्यों से श्रद्धालु बाबा महाकाल के मंदिर पहुंचे और आस्था और श्रद्धा का यह नजारा था कि तेज बारिश में भी श्रद्धालु बाबा महाकाल के जयकारे लगाते हुए नागचंद्रेश्वर भगवान के दर्शन करने के लिए पहुंचते रहे। जिसमें बच्चे, बूढ़े, जवान व महिलाएं सभी शामिल रहे और भगवान नागचंद्रेश्वर की एक झलक पाकर निहाल हो गए। नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, मंत्री गौतम टेटवाल, संपत्तिया उइके से लेकर स्थानीय और बाहरी अधिकारियों के परिवारों द्वारा भी भगवान नागचंद्रेश्वर का दर्शन किया गया। क्रिकेटर उमेश यादव भी दर्शन करने के लिए पहुंचे। वहीं हाई कोर्ट सुप्रीम कोर्ट के जज भी महाकाल मंदिर पहुंचे और नागचंद्रेश्वर भगवान के दर्शन किए। मान्यता है कि इस मंदिर में भगवान शिव सर्पों की शय्या पर विराजमान हैं और उनकी पूजा से कालसर्प दोष सहित अन्य सर्प दोषों से मुक्ति मिलती है। मंदिर की अनूठी मूर्ति, जिसमें भगवान शिव, माता पार्वती और नाग देवता एक साथ विराजमान हैं, भक्तों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रही। इस वर्ष नाग पंचमी के अवसर पर मंदिर में श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए विशेष व्यवस्थाएं की गईं। मंदिर तक पहुंचने के लिए एक पैदल पुल का निर्माण किया गया, जिसने दर्शन को सुगम बनाया। मंदिर सुरक्षा व व्यवस्था के लिए पुख्ता इंतजाम किए गए। श्री महाकालेश्वर मंदिर के द्वितीय तल पर श्री नागचन्द्रेश्वर भगवान की अपराह्न 12 बजे श्री पंचायती महानिर्वाणी अखाड़ा के महंत विनित गिरी महाराज द्वारा पूजन किया गया। पूजन पश्चात श्री महाकालेश्वर मंदिर के शिखर पर लगाये जाने वाले ध्वज का पूजन कर नवीन ध्वज लगाया गया।

### सफाई मित्रों ने दिया स्वच्छता का संदेश

नगर निगम आयुक्त आशीष पाठक ने बताया कि मंगलवार को नागपंचमी पर्व होने से शहर में लाखों की संख्या में श्रद्धालु दर्शन हेतु पहुंचे, श्रद्धालुओं की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए निगम द्वारा आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई जिसमें साफ सफाई, पेयजल, प्रकाश व्यवस्था सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं की गई। जिसे नगर निगम के सफाई मित्रों द्वारा बखूबी रूप से निभाते हुए बारिश के दौरान भी सफाई मित्रों द्वारा सभी मार्गों पर तैनात रहकर सफाई व्यवस्था का कार्य जवाबदारी से किया गया। वहीं सवारी में इसी प्रकार का संदेश दिया गया।

### अगले दिन रात 12 तक 10 लाख पार

श्री महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति की पीआरओ गौरी जोशी से प्राप्त जानकारी अनुसार 29 जुलाई, रात 12 .15 से अगले दिन की रात 12 बजे तक 10 लाख से अधिक दर्शनार्थियों ने श्री नागचंद्रेश्वर भगवान के दर्शन किए। 12 बजने के बाद भी दर्शन चालू रहे, क्योंकि जितने भी श्रद्धालु लाइन में लग चुके थे उन्हें परंपरा के अनुसार दर्शन कराया गया ताकि वह दर्शन से वंचित न रहे। वहीं कभी तेज तो कभी हल्की बारिश भी श्रद्धालुओं की आस्था को रोक नहीं पायी और श्रद्धालुओं का यह क्रम आने का निरंतर जारी रहा।

### प्रथम पुरस्कार को किया सरकार

निगम आयुक्त आशीष पाठक द्वारा भी निगम के समस्त अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि नागपंचमी के अवसर पर निगम से संबंधित सभी आवश्यक व्यवस्थाओं को समय पूर्व सुनिश्चित किया जाए। जिसमें सबसे महत्वपूर्ण है, सफाई व्यवस्था क्योंकि उज्जैन शहर को सुपर स्वच्छता लीग में राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त हुआ है। इसलिए हमारा दायित्व है कि हम शहर को साफ एवं सुंदर बनाए रखे तथा श्रद्धालु उज्जैन शहर से एक अच्छा अनुभव लेकर वापस जाए। आपने सभी विभाग प्रमुखों को निर्देशित किया कि फिल्ड में रहकर विभाग से सम्बंधित व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराए।

# महिला को पड़ोसी ने जान से मारने की धमकी दी

**उज्जैन। हरिफाटक ब्रिज के समीप होटल शाही दरबार के मालिक शानू व अशरफ ने पड़ोस में रहने वाली महिला से विवाद कर उसे जान से मारने की धमकी दी। महिला ने शानू व अशरफ के खिलाफ नीलगंगा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई पुलिस ने कायमी कर जांच शुरू की।**



जानकारी के अनुसार गोल्डन पेट्रोल पंप के पास अपने महादेव रेस्टॉरेंट पर संतोष सोनिया अपने दो बेटों अभिषेक व राज के साथ रेस्टोरेंट का काम करवा रही थी। इसके पास होटल सांई दरबार में पिछले 06 माह से कंट्रक्शन का काम चल रहा है। लगभग 4-5 दिन पहले से शाही दरबार होटल में साईड दीवार का काम हो रहा है। जिससे प्लास्टर का सारा मटेरियल हमारे रेस्टोरेंट की छत पर गिर रहा था। जिसकी शिकायत महिला ने दो बार पहले भी होटल शाही दरबार के मालिक शानू व अशरफ से की थी जो आज फिर से मचान बंधाने से कंट्रक्शन का मटेरियल व ईंट महिला के मकान की छत पर गिरा। जिसकी शिकायत महिला द्वारा जमीन मालिक अर्चना बोरा को फोन पर बताया गया तब अर्चना बोरा महादेव रेस्टोरेंट आई व उनके द्वारा सांई दरबार होटल मालिक को फोन करके बताया कि कंट्रक्शन का सारा मटेरियल हमारे रेस्टोरेंट की टीन शेड की छत पर गिर रहा है। जिससे हमारा नुकसान हो रहा है। अर्चना मैडम के फोन रखने के थोड़े दर वाद सांई दरबार होटल के मालिक सानू व अशरफ आये और अर्चना बोरा को गाली गलौज व जब मैंने, मेरे लड़के अभिषेक व राज सोनिया ने शानू और अशरफ को गाली गलौज करने मना किया तो शानू के होटल से कुछ और व्यक्ति भी आ गये और उनमें से एक व्यक्ति ने मुझे सरिये से मारा जिससे मुझे दाहिने हाथ की कोहनी में चोट लगी। तभी शानू बोला कि और डंडे लाठी लेकर आओ और इसको व इसके बेटो को मारो तो उनमें से एक व्यक्ति ने पाइप से मेरे बेटे राज के साथ मारपीट की तथा दूसरा व्यक्ति मेरे लड़के अभिषेक से मारपीट करने लगा। इस दौरान शानू व अशरफ हमारे साथ मां बहन की अश्लील गालियां दे रहे थे व जमीन की मालिक अर्चना बोरा के साथ भी अश्लील गालियां बक रहे थे व सब को जान से मारने की धमकी दी।

### तीसरी सवारी में भी 40 से अधिक वारदात

उज्जैन। सोमवार को निकली बाबा महाकाल की तीसरी सवारी में भी चोर-उचक्के सक्रिय रहे। करीब 40 से अधिक वारदातें पर्स, मोबाइल और चेन चोरी की हुई हैं। महाकाल और खाराकुआं थाने में शिकायती आवेदन आए हैं। हालांकि पुलिस ने सवारी से ही करीब 20 से अधिक संदिग्धों को पकड़ा भी है। नागपंचमी की व्यवस्था से फ्री होने के बाद इनसे पूछताछ की जाएगी। पिछली सवारी में करीब 74 वारदातें हुई थीं। पुलिस ने इस बार सख्ती रखी और वारदातों में कमी आई। पुलिस ने लोगों को सतर्क रहने का एनाउंसमेंट भी कराया। जिसमें पर्स, मोबाइल, चेन व अन्य आभूषणों पर विशेष ध्यान देने का आग्रह किया था। लेकिन फिर भी सवारी में चेन और पर्स को लापरवाही पूर्वक रखते हैं।

## भूतपूर्व सैनिकों ने किया कुरैशी का सम्मान



**उज्जैन।** कारगिल युद्ध ऑपरेशन विजय की 26वीं वर्षगांठ पर उज्जैन संभाग पूर्व सैनिक कल्याण संगठन के अध्यक्ष सूबेदार कमल सोनी के नेतृत्व में कालिदास अकादमी में समाजसेवी शकेब अख्तर कुरैशी का दुपट्टा एवं ट्रॉफी प्रदान कर सम्मान किया गया। संगठन के मुकेश कुमार मोयल ने बताया शकेब कुरैशी कई वर्षों से सैनिकों के सम्मान के लिए हर वर्ष आयोजन करते हैं। समाज में हिंदू मुस्लिम एकता की मिसाल है। चाहे बाबा महाकाल की सवारी हो या पंचकोशी हो, बारा वफात मोहम्मद साहब के जन्मदिन का जुलूस हो, सब में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हैं। इस अवसर पर शकेब कुरैशी ने कहा मेरे जीवन का यह बहुत बड़ा सम्मान है। यह राष्ट्र के रियल हीरो का मंच है। यह वह वीर सैनिक है जो हमारी अमन चैन के लिए अपनी जान दे देते हैं। हम लोग तो उनके सामने कुछ नहीं, हमारा आप लोगों के सामने कोई मान सम्मान नहीं है। हम तो आप लोगों के साथ खड़े होने योग्य भी नहीं है फिर भी मैं आप सब सैनिक भाइयों का दिल से आभारी हूं जो मुझे सम्मान दिया। जिला सैनिक कल्याण अधिकारी ग्रुप कैप्टन विष्णु दत्त शर्मा, कर्नल राजकुमार सिंह चौहान, कर्नल प्रदीप, कर्नल एस गुप्ता, कर्नल गंगाराम, मेजर डॉ. कविता चौधरी, सूबेदार बलविंदर सिंह, 10 एमपी बटालियन एनसीसी रवि प्रताप सिंह भदोरिया, जितेंद्र राजपूत, रवि प्रताप सिंह भदोरिया ने श्री कुरैशी का सम्मान किया।

**बैडमिंटन स्पर्धा** | उज्जैन में शुरू हुई जीएच रायसोनी मेमोरियल 58वीं मप्र जूनियर स्टेट बैडमिंटन चैंपियनशिप

# कौशल, अनुशासन और समर्पण से खिलाड़ी लहराते हैं सफलता का तिरंगा :गुप्ता

नवभारत न्यूज

**उज्जैन। खिलाड़ी खेल कौशल, अनुशासन, समर्पण और लक्ष्य के प्रति संधान के साथ प्रशिक्षकों के उचित मार्गदर्शन में सफलता के शिखर तक पहुंचते हैं और तिरंगा लहराते हैं। खिलाड़ी देश के आन-बान-शान ही नहीं, भारत की ऊर्जा के प्रतीक भी होते हैं। उक्त प्रेरणादायी उद्गार संभाग आयुक्त संजय गुप्ता ने व्यक्त किए। वे जीएच रायसोनी मेमोरियल 58वीं मध्यप्रदेश जूनियर स्टेट बैडमिंटन चैंपियनशिप के शुभारंभ अवसर पर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन कर रहे थे।**




इस भव्य आयोजन की अध्यक्षता नगर पालिक निगम उज्जैन के आयुक्त आशीष पाठक ने की। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में मीना राजेश वाइस चांसलर, जीएच रायसोनी मेमोरियल ट्रस्ट, इंदौर, सुनील चौगुले सचिव, म.प्र. बैडमिंटन एसोसिएशन और लायंस क्लब गवर्नर श्री प्रवीण वशिष्ठ उपस्थित रहे। अतिथियों ने दीप प्रज्जवलन कर प्रतियोगिता का विधिवत शुभारंभ किया गया। जिला बैडमिंटन एसोसिएशन के अध्यक्ष वैभव यादव ने स्वागत भाषण में कहा कि आने वाले वर्षों में उज्जैन न केवल प्रदेश, बल्कि देश के बैडमिंटन मानचित्र पर प्रमुख स्थान बनाएगा। कार्यक्रम के सूत्रधार शैलेन्द्र व्यास रहे।

इस अवसर पर 8 वर्षीय नवोदित बैडमिंटन खिलाड़ी विहान पाटीदार का विशेष अभिनंदन किया गया। साथ ही, रेफरी बृजेश गौड़ एवं टूर्नामेंट कंट्रोलर श्री शिशिर खरे का भी सम्मान किया गया। अतिथियों का स्वागत दिलीप धनवानी, अनुराग शर्मा, अश्विन शर्मा, दिनेश जाटवा, गोपाल बलवानी, अनुराग ठक्कर, हेमंत गुप्ता, राजेश चौहान और राजेश चौरसिया ने किया। अध्यक्षीय उद्बोधन में आशीष पाठक ने कहा कि उज्जैन के खेल विकास को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहुंचाने के लिए नगर निगम हरसंभव प्रयास करेगा। बेडमिंटन एसोसिएशन के सचिव अनुराग शर्मा ने बताया कि प्रतियोगिता में 550 खिलाड़ियों ने पंजीयन कराया है। इस राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में अंडर-17 और अंडर-19 वर्गों के बालक एवं बालिकाओं के सिंगल्स, डबल्स एवं मिश्रित युगल (मिक्स्ड डबल्स) मुकाबले खेले जाएंगे। प्रतियोगिता के प्रथम दिन सुबह 8 बजे से मुक़ाबले चालू हुए। कुल 171 मुक़ाबले खेले गए जिसमे बॉयज़ सिंगल्स, गर्ल्स सिंगल्स, बॉयज़ डबल्स के मैच हुए। अंत में आभार प्रदर्शन प्रवीण वशिष्ठ द्वारा किया गया।